## खबर संक्षेप

### हमारे शिक्षक ऐप से 1 जुलाई से अनिवार्य होगी ऑनलाइन उपस्थिति

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े सभी शासकीय कर्मचारियों को "हमारे शिक्षक" प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह व्यवस्था 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। मप्र के लोक शिक्षण संचालनालय जारी आदेश के अनुसार इसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत शासकीय अमले को नियमित रूप से डिजिटल माध्यम से उपस्थिति दर्ज करनी होगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि "हमारे शिक्षक" प्रणाली के क्रियान्वयन से संबंधित निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के सभी कार्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के समस्त शासकीय लोकसेवकों पर लागू होंगे। संबंधित कार्यालय प्रमुखों एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रमुखों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ें और उनकी उपस्थिति व अवकाश की प्रविष्टि सुनिश्चित कराएं।

### दो दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन आज से

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित है सर्वप्रथम 24 जून को . ब्रह्माकुमारीज संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती मम्मा का 61 वां स्मृति दिवस पर शाम 5 बजे से पुष्पांजलि कार्यक्रम और माउंट आबू के वरिष्ठ भाई जगदीश भाई स्वच्छता विभाग प्रभारी की क्लास होगी । 25 जून को शाम 5:00 बजे से शिव बाबा के नवनिर्मित मेडिटेशन कक्ष का उद्घाटन वरिष्ठ भ्राता जगदीश भाई के करकमलों से किया जाएगा । राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने सभी से कार्यक्रम में सहभागिता करने हेतु आग्रह किया है

### एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से घर बैठे प्राप्त करें शासकीय सेवाओं का लाभ

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप संचालित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के नागरिक अब विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए स्वयं सिटीजन लॉगिन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राजस्व, कृषि एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, शिक्षा, नगरीय विकास, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन सहित विभिन्न विभागों की नागरिक-केंद्रित सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध हैं। पोर्टल के माध्यम से प्रमाण-पत्र, लाइसेंस, कर संबंधी सेवाएं, योजनाओं की पात्रता जांच, ऑनलाइन आवेदन, आवेदन की रियल-टाइम ट्रैकिंग, डिजिटल प्रमाण-पत्र डाउनलोड तथा अन्य अनेक सुविधाएं प्राप्त की जा सकती हैं। नागरिकों को आवेदन की स्थिति की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध रहती है तथा सिंगल साइन-ऑन (SSO) एवं इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे जैसी सुविधाओं से आवेदन प्रक्रिया और अधिक सरल हो जाती है। नागरिकों से आग्रह है कि वे एमपी ई-सेवा पोर्टल https://www.eseva.mp.gov.in अथवा एमपी ई-सेवा मोबाइल एप के माध्यम से सिटीजन लॉगिन कर स्वयं आवेदन करें तथा विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करें। इससे समय एवं संसाधनों की बचत होगी।

### दावे-आपत्तियां 25 तक

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 जारी किया गया है। आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा अन्य त्रुटियों के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 जून 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित अवधि के दौरान ऐसे नागरिक जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए फार्म ईआर-1 प्रस्तुत कर सकते हैं।

ग्रीष्मकालीन मूंग -उडद फसल की कटाई -मिसाई कार्य अंतिम पड़ाव पर

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन का पता नहीं कम दामों पर व्यापारियों को बेच रहे उपज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

रबी फसल कटने के बाद किसानों ने तीसरी फसल के रूप में गर्मियों में मूंग-उडद की बोवनी की थी । इस वर्ष बहोरीबंद विकासखण्ड में किसानों ने ग्रीष्म कालीन फसल की ओर रूचि दिखाई थी जिस कारण इस वर्ष 5 हजार हैक्टेयर में ग्रीष्मकालीन फसल की बोवनी हुई जिसमें 3000 हैक्टेयर में मूंग तो 2000 हैक्टेयर में उड़द की बोवनी हुई। वर्तमान मे ग्रीष्म कालीन फसल का कटाई व थ्रेसिंग का कार्य जोरो से जारी है। किसान कटाई -मिसाई के साथ फसल को सुरक्षित करने मे जुटे हुए है।



### उपार्जन कार्य की तिथि घोषित नहीं

किसान राकेश साहू, रामनारायण यादव, अरविंद हल्दकार, जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया की लगभग 60 फीसदी फसल की कटाई -मिसाई कार्य हो चुका है जो फसल की बोवनी लेट हुई थी वह ही अभी खेतो मे पकने के लिए ख़डी है लेकिन खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर किसानों को रुपयों की आवश्यकता है। खरीफ सीजन के लिए जुताई व रोपा डालने का क्रम शुरू हो गया है लेकिन शासन स्तर से सिर्फ समर्थन मूल्य तो निर्धारित कर दिया गया है, लेकिन खरीदी कब से होगी यह निर्धारित नही हुआ है। वहीं शासन स्तर से समर्थन मूल्य पर मूंग -उडद विक्रय करने 25 मई से 15 जून तक पंजीयन कार्य कराया गया।

खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर किसान ग्रीष्म कालीन मूंग -उडद फसल व्यापारियों को कम दामों पर विक्रय कर रहे है। समर्थन मूल्य पर खरीदी की विलम्बता को लेकर किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। नमी आने से सैम्पल होंगे फेल-आषाढ माह शुरू होने वाला है। किसान खरीफ सीजन के लिए खेतों की जुताई व रोपा के लिए बुवाई का काम शुरू कर दिए है।

ग्रीष्मकालीन मूंग -उडद फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए पंजीयन का कार्य हो चुका है। ऐसे मे खरीदी कब से शुरू होगी यह अता -पता नहीं है अब जो किसान मूंग-उडद समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए रखेंगे उसमें नमी आ जाएगी और फिर केन्द्र पर खरीदी के समय सैम्पल फेल किए जाएंगे।

वर्तमान मे खेतो से ही कटाई -मिसाई के बाद किसान ग्रीष्म कालीन मूंग -उडद का विक्रय व्यापारियों को कर रहे है। समर्थन मूल्य का लाभ व्यापारियों को होगा क्योंकि अब मूंग उनके पास ही रखी है। मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रूपये है लेकिन यहां किसान व्यापारियों को 5 हजार से 5500 रूपये मे मूंग की बिक्री कर रहे है। वही उडद का समर्थन मूल्य 7800 है ओर 600 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाना है जहाँ किसान व्यापारियों को 6 हजार से 6500 रूपये पर बिक्री कर रहे है।

### इनका कहना है

मनीष मिश्रा उपसंचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मूंग -उडद की खरीदी जिले में शत प्रतिशत की जायेगी। मूंग -उडद का समर्थन मूल्य शासन स्तर से निर्धारित कर दिया गया है लेकिन खरीदी प्रक्रिया को लेकर अभी स्पष्ट नीति व डेट तय नहीं हुई है। संभावना है कि 25 जून से खरीदी की प्रक्रिया शुरू होगी। आगामी एक-दो दिनों में शासन स्तर से पूरी प्रक्रिया को लेकर नीति निर्धारण कर दिशा -निर्देश प्राप्त हो जायेंगे।



# जनसुनवाई में 175 आवेदकों ने बताई अपनी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 175 आवेदकों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर आशीष तिवारी के समक्ष रखीं। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम टेढ़ी निवासी श्रीमती जानकी बाई ने कलेक्टर को बताया कि उनके खेत का पूर्व में हल्का पटवारी एवं आरआई द्वारा गलत सीमांकन कर दिया गया था। पुनः सीमांकन के लिए लोक सेवा केंद्र में आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदार कटनी ग्रामीण को निर्धारित समयावधि में प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### भूमि रिकॉर्ड सुधारें

ग्राम गोहावल निवासी अर्जुन कोल ने भूमि अभिलेख में सुधार के लिए आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम विजयराघवगढ़ को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर आवेदक को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

ग्राम पौड़ी निवासी करन कुशवाहा ने बताया कि उनके पैतृक खेत के बीच मकान निर्मित है, लेकिन खेत तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता उपलब्ध नहीं है, जिससे खेती कार्य प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने नायब तहसीलदार बिलहरी को मौके का परीक्षण कर नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# संत कंवरराम वार्ड 45 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के संत कंवर राम वार्ड अंतर्गत बंगाली कॉलोनी में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वीकृत सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं स्थानीय पार्षद श्री गोविंद चावला की विशेष मौजूदगी में किया गया।



भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विकास हेतु नगर निगम प्रतिबद्ध है। सड़क एवं नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला होती हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से बंगाली कॉलोनी के रहवासियों को बेहतर आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए लगातार अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इससे नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार के साथ-साथ क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है

भूमिपूजन के तहत संत कंवर राम वार्ड में 28.66 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य तथा 16.06 लाख रुपये की लागत से सीसी नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। दोनों कार्यों पर कुल लगभग 44.72 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

क्षेत्रीय पार्षद गोविंद चावला ने बताया कि लंबे समय से अपेक्षित इन निर्माण कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होगा तथा वर्षा काल के दौरान जलभराव और गंदे पानी की निकासी संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सकेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम के अधिकारी-कर्मचारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जन सुविधाओं के विस्तार के संकल्प के साथ हुआ। नगर विकास की इस सौगात के कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी,सुभाष साहू,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद,पूर्व पार्षद राजकुमार माखीजा महेश होतवानी, मंडल महामंत्री सतीश मोटवानी,समाजसेवी मोहनलाल नागवानी, सोनल आडवाणी, खुख्खू राय सहित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की मौजूदगी रही।

## एसपी कार्यालय में सुनी गई नागरिकों की शिकायतें




पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में कमल मौर्य, नेहा पच्चीसिया, आकांक्षा चतुर्वेदी एवं रत्नेश मिश्रा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन, पुलिस द्वारा सुनवाई न होने, भूमि एवं प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध और अन्य पुलिस संबंधी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों पर फरियादियों को शासन की गाइडलाइन का पालन करने और सतर्क रहने की सलाह दी गई, साथ ही आवश्यक कार्रवाई के लिए साइबर सेल को निर्देशित किया गया।कुछ प्रकरण अन्य विभागों से संबंधित पाए जाने पर आवेदकों को संबंधित विभाग में संपर्क करने की सलाह दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने सभी शिकायतों पर सुनवाई कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# महापौर ने जन समस्याओं को तय समय में समाधान करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से आयोजित साप्ताहिक महापौर जनसुनवाई मंगलवार को मेयर इन काउंसिल सभागार में संपन्न हुई। जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और पेयजल, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, अतिक्रमण तथा राजस्व संबंधी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए।




जनसुनवाई के दौरान कुल 33 आवेदनों पर सुनवाई की गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए, वहीं शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों से अपने स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए नागरिक समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

*ट्रकों से आये दिन चोरी हो रहे डीजल से बढ़ रहा आक्रोश*

# सक्रिय बदमाशों ने तीन ट्रकों को बनाया निशाना, 350 लीटर डीजल किया चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा थाना में बीती रात बदमाशों ने दो अलग-अलग स्थानों पर खड़े तीन ट्रकों को निशाना बनाया और करीब 650 लीटर से अधिक डीजल चोरी कर चंपत हो गए। इस घटना से आक्रोशित पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, वहीं हाइवे पर बुलंद होते चोरों के हौसले पुलिस की सुस्त गश्त की पोल खोल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी ढाबा के पास गुरुनानक वार्ड निवासी गिरीश बड़गैंया के दो ट्रक क्रमांक एमपी-20-जेडएन-5610 और एमपी-16-एच-1228 खड़े थे। दोनों ट्रकों के चालक रात में भोजन करने के बाद केबिन में ही सो गए थे। सुबह जब वे जागे तो उनके होश उड़ गए। ट्रकों के डीजल टैंक के लॉक टूटे हुए थे और उनमें भरा 300 लीटर से अधिक डीजल गायब था। बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल ने बताया कि शिकायत मिली है और मामले की जांच की जा रही है। उसी रात दूसरी वारदात विलायतकला स्थित कुशवाहा ढाबा के पास हुई। यहाँ



खड़े ट्रक क्रमांक सीजी-10-सीबी-8029 से अज्ञात बदमाशों ने करीब 350 लीटर डीजल पार कर दिया। ट्रक मालिक हरमीत सिंह खुराना ने बताया कि वारदात के समय चालक वाहन के भीतर ही सो रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे इस बड़ी चोरी की शिकायत लेकर थाने पहुंचे, तो पुलिस द्वारा तत्काल कोई सुनवाई नहीं की गई, जिससे ट्रांसपोर्टरों में भारी असंतोष है।

वाहन चालकों और परिवहन व्यवसायियों की मानें तो डीजल चोरी की यह समस्या अब सिर्फ बड़वारा तक सीमित नहीं रह गई है अपितु जिला में अनेक जगहों पर फैला है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि यह कोई छिटपुट चोरी नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह (सिंडिकेट) का काम है। ये बदमाश बेहद आधुनिक पाइप और मशीनों (सक्शन पंप) से लैस होते हैं, जो कुछ ही मिनटों में सैकड़ों लीटर डीजल टैंक से खींच लेते हैं। लगातार हो रहे इस आर्थिक नुकसान से जिले के ट्रांसपोर्टर्स और व्यापारी बेहद नाराज हैं।

उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हाईवे किनारे स्थित ढाबों पर संदिग्धों की निगरानी बढ़ाई जाए, पुलिस की रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए और इस संगठित डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## बैठक में अधीक्षकों और तकनीकी अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# छात्रावासों एवं आश्रमों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर करें संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा संचालित छात्रावासों एवं आश्रमों में बालक-बालिकाओं की सुरक्षा, स्वच्छता एवं प्रदत्त सुविधाओं को पारदर्शिता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावासों और आश्रमों के प्राचार्यों,अधीक्षकों, सहायक यंत्री और उपयंत्रियों को दिए।



### दी गई सख्त हिदायत

सुश्री कौर ने इस दौरान विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने छात्रावासों और आश्रमों में बालिक बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे, चौकीदार की व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण (स्किल सेल और अन्य परीक्षण), हॉस्टल परिसर ,खाद्यान्न, खानपान, बिस्तरों में स्वच्छता मानकों को अपनाने खेलकूद की गतिविधियों का संचालन और किचन गार्डन बनाने खास रूप से हिदायत दी। इस दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया ने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की जानकारी से अवगत कराया। सुश्री कौर ने छात्रावासों और आश्रमों की व्यवस्था दुरुस्त और सुव्यवस्थित संचालन हेतु लापरवाही नहीं बरतने को कहा। कन्या छात्रावासों और आश्रमों की विशेष निगरानी और आवश्यक सुरक्षा के उपाय अपनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### पारदर्शिता हेतु चस्पा कराएं

जिला पंचायत सीईओ ने दो टूक कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं,समय सारिणी और दीवारों पर महत्वपूर्ण जानकारियों का लेखन पारदर्शिता हेतु ज़रूर कराएं। शासन से प्राप्त आवंटन और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी पालकों और बालकों को मुहैया कराएं और पारदर्शिता हेतु सूचना पटल पर भी चस्पा कराएं। उन्होंने समस्त आवश्यक अभिलेखों का संधारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### प्रवेश की प्रगति को शत प्रतिशत पूर्ण करें

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने उपस्थित लोक सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावासों एवं आश्रमों में निर्धारित सीटों की संख्या के मुताबिक शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराया जाना सुनिश्चित करें।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत और परिसंपत्ति संधारण मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों को तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने के निर्देश तकनीकी अधिकारियों को दिए।

समीक्षा बैठक में छात्रावासों और आश्रमों के प्राचार्य, अधीक्षक, सहायक यंत्री और उपयंत्रियों की उपस्थिति रही।

# दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराने चिन्हांकन शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को जबलपुर द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत 24 जून को प्रातः 10 बजे से नगर पंचायत बरही में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पात्र हितग्राहियों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चयन किया जाएगा।योजना के तहत उपकरण प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांग जनों के पास यूडीआईडी कार्ड (न्यूनतम 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता), आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 22 हजार 500 रुपये से कम), आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो होनाअनिवार्य है।

दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित दिव्यांग जनों के लिए अतिरिक्त पात्रता शर्तों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज भी साथ लाना होंगे।बड़वारा जनपद पँचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा टेकाम ने सभी जनप्रतिनिधियों, एवं नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने क्षेत्र के ऐसे दिव्यांग जनों को इस शिविर की जानकारी दें जिन्हें सहायक उपकरणों की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा टेकाम ने कहा है कि दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है तथा पात्र हितग्राहियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर अवसर का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## खास बातें

### डहरा बमनोदा में मनाया जाएगा रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

**तेंदूखेड़ा।** गढ़ा गोंडवाना की रानी अमर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस का कार्यक्रम ग्राम डहरा बमनोदा में आज आयोजित किया जाएगा अमर वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान भारतवर्ष हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कुशल शासन के रूप में प्रजा के लिए निरंतर कार्य किया तथा आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर भारत देश को आजाद कराया। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि रानी दुर्गावती का गौरवशाली इतिहास हम सभी को प्रेरणा देता है रानी दुर्गावती नाम के अनुरूप ही अपने साहस, शौर्य, तेज एवं कुशल शासक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। सभी क्षेत्र वासियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक समय में ग्राम डहरा बमनोदा पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### सुश्री आकांक्षा रावत ने संभाला जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार कलेक्टर से की सौजन्य भेंट

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के परिपालन में सहायक संचालक सुश्री आकांक्षा रावत ने मंगलवार को पन्ना जिले के जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। सुश्री रावत पूर्व में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, छतरपुर के पद पर पदस्थ थीं। शासन द्वारा उन्हें सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, पन्ना में पदस्थ करने के साथ जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार अस्थाई रूप से सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद सुश्री आकांक्षा रावत ने कलेक्टर श्रीमती उषा परमार से सौजन्य भेंट कर जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### ट्रक चालक के नींद ने ली क्लीनर की जिन्दगी

**शाहनगर।** शाहनगर क्षेत्रांतर्गत पन्ना-कटनी मार्ग 43 पर कचौरी मोड़ के समीप मंगलवार की रात्र करीब 3 30 बजे रायगढ़ से पन्ना जा रहा 34 टन सरिया से लदा 16 चक्का ट्रक चालक को नींद आने से अनियंत्रित होकर जामुन के पेड़ से टकरा गया।

## समय सीमा बैठक संपन्न, दिए गए अहम दिशा-निर्देश

# अवैध उत्खनन पर कार्यवाही की जाये

### सभी अनुविभागों में ड्रग्स इंस्पेक्टर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यवाही सुनिश्चित करें- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के सभी अनुविभागों में ड्रग्स इंस्पेक्टर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी दवा दुकानों और खाद्य पदार्थों का निरीक्षण रोस्टरवार प्रत्येक अनुविभाग में एसडीएम के निर्देशन में और इसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। सभी एसडीएम इसकी मॉनीटरिंग करेंगे और अवगत कराएंगे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक के दौरान दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे खासतौर पर मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से इसे तत्परता और तय समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सी.एम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग में जिले को लगातार दूसरी बार ए ग्रेड प्राप्त होने पर सभी को बधाई देते हुए इसी तरह बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया और सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री यादव ने पाण्डुलिपियों के डिजिटाईजेशन के संबंध में चर्चा करते हुए नोडल अधिकारी श्री चौरसिया को तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा खाद के पारदर्शी एवं व्यवस्थित वितरण के लिए शासन द्वारा ई-विकास पोर्टल की व्यवस्था लागू की गई है। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिले की सभी मंडियों, 102 सेवा सहकारी समितियों, जनपद स्तर पर सात एसडीओ कार्यालयों तथा उप संचालक कृषि कार्यालय में निःशुल्क पंजीयन एवं खाद टोकन प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा यदि किसी किसान को ई-विकास पोर्टल या खाद वितरण संबंधी कोई समस्या आती है तो प्रशासन द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम में कार्यालयीन समय में संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है, कलेक्टर ने कहा खाद का भंडारण 102 सेवा सहकारी समितियों, पांच डबल लॉक केंद्रों, मार्केटिंग सोसायटी, एमपी एग्रो कार्यालय तथा जिले के 108 निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किया गया है, जहां से किसान अपनी आवश्यकता अनुसार खाद प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण डीएपी उर्वरक की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसके विकल्प के रूप में जिले में एनपीके और टीएसपी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका उपयोग किसान अपनी फसलों में कर सकते हैं। कलेक्टर श्री यादव नें नाप तौल विभाग के अधिकारी से कहा कि सभी मण्डी और अन्य सभी जगहो पर जाये और नाप तौल कांटो का सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होने उप-संचालक कृषि से कहा वे नियमित रूप से मण्डी का निरीक्षण को और सभी व्यवस्थाएं निर्देशानुसार सुनिश्चित करायें।

### अवैध उत्खनन पर करें कार्यवाही

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम और तहसीलदार से कहा अवैध उत्खनन की लगातार शिकायतें आ रही है, टीम गठित कर कार्यवाही करें। इस संबंध में माईनिंग ऑफिसर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

# ऑपरेटर की अमर्यादित भाषा के विरोध में वार्डवासियों ने एसडीएम को दिया आवेदन

**तेंदूखेड़ा।** नगर में जल सप्लाई को लेकर वैसे ही नगर वासी परेशान हैं चाहे नर्मदा जल हो या नगर परिषद के बोर से जल सप्लाई हो सब जमीनी स्तर पर अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ठीक तरह से नहीं चल पा रही हैं। वार्ड 8 में जल सप्लाई करने वाला आपरेटर लोगों से अभद्र भाषा में बात करता हैं। वहीं दूसरी ओर नर्मदा जल का समय निश्चित नहीं हैं। आखिरकार वार्ड क्रमांक 8 के लोगों ने नगर परिषद के जल सप्लाई करने वाले आपरेटर से परेशान होकर हटाने की मांग को लेकर जनसुनवाई में एसडीएम को आवेदन दिया हैं। लोगों ने बताया कि गौशाला वाले रास्ते में पिछले 6 दिनों से जल सप्लाई नहीं हुई हैं। हम लोगों के यहां नर्मदा जल का पानी बहुत ही देर में आता हैं जैसे ही पानी आता हैं उसी समय 1 घंटा पूरा होने पर सप्लाई बंद हो जाती हैं। इसलिए नगर परिषद के बोर से पानी की सप्लाई होती हैं। लेकिन आपरेटर हम लोगों से ठीक तरह से बात नहीं करता हैं बहुत ही गंदे शब्दों का प्रयोग करता हैं। एसडीएम से लोगों ने मांग की हैं कि दूसरे आपरेटर को हमारे वार्ड में नियुक्त किया जाएं। इस दौरान संजीत नामदेव, प्रशांत जैन, अंकित नेमा, कमलेश, शोभा सोनी, चोखेलाल नामदेव, पुखराज बिदुआ, सौरभ श्रीवास्तव, बालचंद्र जैन, दीपक जैन, सुनील जैन, संदीप सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे।
एसडीएम सीजी गोस्वामी ने कहा कि वार्ड 8 के लोगों ने आपरेटर के खिलाफ आवेदन दिया हैं सीएमओ को आपरेटर के उपर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## जमीन कब्जा को लेकर ग्राम वासियों ने सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत शैलवाड़ा के ग्राम वासियों ने ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि पर आरोप लगाया की हमारी भूमि पर सरपंच ने जबरन कब्जा करवा दिया और कहा आनेको बेर शिकायत की परंतु अभी तक न्याय नही मिली सरपंच का विरोध करने पर मारने की धमकी मिलती है। इसके विरोध में बड़ी संख्या में व्यक्ति मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। आवेदकों का आरोप है कि उनकी निजी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। जब वे अपनी जमीन पर खेती करने जाते हैं तो उन्हें मारपीट को कहा जाता हैऔर धमकाया जाता है। ग्राम वासियों ने बताया कि लंबे समय से अधिकारियों को कार्यालयों में शिकायत कर रहे लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस पर एसडीएम गोस्वामी साहब ने उपस्थित जन समूह को आश्वस्त किया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रशांत चौबे, अभिषेक, राहुल, सरोज, रामकुमार, अंकित यादव, सचिन, मोहित, गिरधारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ओलंपिक दिवस पर हॉकी प्रदर्शन मैच का आयोजन, खिलाड़ियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सोमवार को ओलंपिक संघ एवं हॉकी दमोह के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उल्लेखनीय है कि 23 जून 1894 को पेरिस में बैरन पियरे डी कुबर्टिन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति, सद्भाव और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मैदोला, महासचिव दिग्विजय सिंह तथा हॉकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोकबहादुर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के तहत दमोह एकादश और फीडर सेंटर के बीच एक रोमांचक हॉकी प्रदर्शन मैच खेला गया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के कारण दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

इस अवसर पर राजेश सालोमन ने ओलंपिक आंदोलन के इतिहास और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं हरिशंकर यादव ने भारतीय हॉकी के स्वर्णिम दौर और देश की गौरवशाली उपलब्धियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में भगवान सिंह, विजय कफील, शैलजा, फरहान, सियोन, उवेद खान, नील, हिमांशु बासू सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ललित नायक ने किया तथा आभार प्रदर्शन तरुण नामदेव ने व्यक्त किया।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी ऊषा के आह्वान पर खिलाड़ियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नीम के पौधे का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कलाकारों ने प्रस्तुत किया बुंदेली कांगड़ा नृत्य



**पथरिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसाकलां पथरिया जिला दमोह के आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से संबद्ध कलाकारों ने मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित संभावना कार्यक्रम के अंतर्गत आकर्षक बुंदेली कांगड़ा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों ने बुंदेलखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, लोककला एवं पारंपरिक नृत्य शैली का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं तथा स्वस्थ जीवन के संदेश को और अधिक सशक्त बनाया। इस अवसर पर संस्था के कलाकार घूमन प्रसाद पटेल, घनश्याम पटेल, मीना ठाकुर, पान बाई, टट्टू विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, भरत लिटौरिया, जीवन रैकवार, नन्नू रैकवार, संतोष रैकवार, हरिराम रैकवार एवं श्रीलाल रैकवार सहित अन्य कलाकार उपस्थित रहे।

# योग दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

शास.उच्च माध्यमिक विद्यालय कुमेरिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राधे जी, कुमेरिया प्राचार्य राजेंद्र राठौर, माध्यमिक विद्यालय प्रभारी राजेंद्र पटेल व स्टाफ साथ ही उपस्वास्थ्य केन्द्र कुमेरिया से एएनएम लक्ष्मी कुर्मी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं तथा छात्र छात्राओं सहित ग्रामवासियों ने पूर्ण मनोयोग से अपनी सहभागिता सुनिश्चित की,जिसमें हाई सेकेण्डरी स्कूल कुमेरिया की योग प्रभारी के रूप में श्रीमति कल्पना पटेल उच्च. माध्यमिक शिक्षक के द्वारा योग की जानकारी देकर योगाभ्यास का महत्व बताते हुए विभिन्न योगाभ्यास अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार के 12 आसनों सहित कई आसनों का महत्व बतलाकर अभ्यास कराया गया।

## तीन माह से कमीशन प्राप्त न होने पर विक्रेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** शासकीय उचित मूल्य दुकानो से संचालको को पिछले 3 माह से कमीशन का भुगतान संस्था के खातो मे नही हुआ है कमीशन राशि न आने से दुकान संचालको विक्रेताओ को आर्थिक समस्याओ का सामना करना पड रहा है। इसी पैसों मे से भवनहीन व निजी संस्थाओ से संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानो को किराए पर ली हुई दुकानो का किराया देना पड़ता है एवं विजली बिल, दुकान विक्रेताओ को तुलईयो (मजदूरो) का पारिश्रामिक राशि आदि का भुगतान करना पडता है। कई महीनों तक कमीशन राशि का संस्था के खातों में भुगतान न होने से विक्रेताओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक व दयनीय हो चुकी है। शासकीय उचित मूल्य दुकानों के कमीशन का भुगतान एवं विक्रेताओं को घोषित पूर्ण कमीशन राशी जल्द से जल्द दिलवाने हेतु मांग की गई और ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वाले में दीपक सिंह ठाकुर, रोहित, संतोष, दशरथ, कमलेश साहू, राकेश दुबे, प्रेमनारायण, इंदुर सींग आदि उपस्थित रहे।

# धर्म और सत्य ही जीवन के वास्तविक सुख का आधार : आचार्य विवेक सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन संत आचार्य विवेक सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन में वास्तविक सुख प्राप्त करने का मार्ग धर्म है। जिन्होंने धर्म को अंगीकार किया है, उन्होंने ही सुख का अनुभव किया है, जबकि संसार को अपनाने वाला जीव दुःखों से घिरा रहता है।आचार्य श्री ने कहा कि संसार में तन, मन और धन के अनेक दुःख हैं, जो पापकर्मों के उदय से उत्पन्न होते हैं। उन्होंने एक सेठ और दरिद्रता की कथा के माध्यम से समझाया कि जब धर्म और सत्य जीवन में बने रहते हैं, तब पुण्य, लक्ष्मी और समृद्धि स्वतः लौट आती है। धर्म और सत्य से श्रेष्ठ संसार में कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य के पास धर्म है तो उसके पास वास्तविक संपदा है। धर्म और पुण्य के प्रभाव से जीवन में सुख, शांति और संतोष का संचार होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा दुःख जन्म और मरण का चक्र है, जिससे मुक्ति का मार्ग केवल धर्म और जिनवाणी के अध्ययन से ही संभव है।आचार्य श्री ने जिनवाणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार अनार के दानों का रस ग्रहण करने से आनंद मिलता है, उसी प्रकार जिनवाणी के शब्दों का अध्ययन आत्मिक आनंद प्रदान करता है। मोह, अज्ञान और कषायों से मुक्त होने में जिनवाणी ही सबसे बड़ी सहायक है।उन्होंने एक श्रद्धालु महिला का उदाहरण देते हुए कहा कि भले ही वह पढ़ी-लिखी नहीं थी, लेकिन उसकी जिनवाणी के प्रति अटूट श्रद्धा थी। वह प्रतिदिन जिनवाणी को खोलकर उसके पृष्ठों को निहारती थी और इसे ही अपने जीवन का सौभाग्य मानती थी। इससे स्पष्ट होता है कि श्रद्धा और भक्ति का महत्व ज्ञानार्जन के मार्ग में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आचार्य पदमनंदी जी ने कहा है कि दान, पूजा, गुरु उपासना और संयम जैसे छह आवश्यक कर्तव्यों का प्रतिदिन पालन करना चाहिए। जिस प्रकार मनुष्य प्रतिदिन भोजन करता है, उसी प्रकार इन धार्मिक कर्तव्यों का नियमित पालन करने से दुःख, कष्ट और वेदनाएं दूर होती हैं तथा जीवन में सुख और शांति का वास होता है। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और आचार्य श्री के प्रवचनों का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# तेंदूखेड़ा में कांग्रेस का विशाल धरना-प्रदर्शन

### महंगाई, किसानों एवं युवाओं के मुद्दों पर सौंपा 17 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय बस स्टैंड परिसर में दोपहर 2 बजे से विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। धरना-सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आम जनता, किसान और युवा वर्ग लगातार परेशानियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है, जिससे परिवहन लागत बढ़ी है और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में भी लगातार वृद्धि हुई है। जबेरा विधानसभा प्रभारी रमाकांत यादव ,कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल, पंडित मनु मिश्रा, दृगपाल सिंह ,जबेरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा,नोहटा संतोष रजक,तेजगढ़ मोहन आदिवासी, तेंदूखेड़ा नीलेश यादव,गोविंद तिवारी, रघुनाथ यादव ,सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश और देश की भाजपा सरकार युवाओं की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाई है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं का विश्वास कमजोर किया है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि संसाधन उपलब्ध कराने में भी विफल रही है। किसानों को पहले आसानी से खाद उपलब्ध हो जाती थी, लेकिन अब ऑनलाइन व्यवस्था के कारण उन्हें कई दिनों तक कम्प्यूटर सेंटर, पटवारी एवं तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसानों को डीएपी खाद की कमी, महंगे डीजल और कृषि कार्यों में बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, व्यापारी और आम नागरिक सभी प्रभावित हैं। धरना-सभा के पश्चात बस स्टैंड से तारादेही तिराहा तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विशाल जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए। इसके उपरांत कांग्रेस ने धरना स्थल से लेकर तारादेही तिराहे तक पदयात्रा कार्यालय निकलते हुए कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाए इसके बाद तिराहे पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम 17 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी को सौंपा। ज्ञापन में किसानों के लिए खाद की ऑनलाइन बिक्री व्यवस्था समाप्त करने, पर्याप्त डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराने, डीजल के दाम कम करने, घरेलू गैस सिलेंडर सस्ता करने, नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने, किसानों की उपज समर्थन मूल्य पर खरीदने, प्रधानमंत्री आवास योजना की बकाया किस्तों का भुगतान करने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने सहित विभिन्न मांगें शामिल की गईं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और आमजन की परेशानियों का समाधान करने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी भविष्य में भी जनहित के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष और आंदोलन जारी रखेगी। कार्यक्रम में मंच का कुशल संचालन कृष्णा यादव द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन में सैकड़ो किसान कांग्रेसी आमजन युवा शामिल रहे

## फार्मर आईडी में तकनीकी समस्या के कारण खाद प्राप्ति में आ रही कठिनाई, पूर्व सरपंच एवं किसान ने प्रशासन से लगाई गुहार

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार की जनसुनवाई में वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के ग्राम दुधिया रैयत सर्रा निवासी किसान एवं पूर्व सरपंच जगदीश यादव पिता परसराम यादव ने खाद वितरण से संबंधित समस्या को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), को आवेदन प्रस्तुत किया है। श्री यादव ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी फार्मर आईडी में भूमि संबंधी कुछ खसरा नंबरों का परिमार्जन लंबित होने के कारण फार्मर आईडी पूर्ण रूप से तैयार नहीं हो पा रही है। परिणामस्वरूप ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उन्हें खाद प्राप्त करने हेतु आवश्यक ई-टोकन जारी नहीं हो रहा है। इससे उन्हें सर्रा केंद्र से खाद लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान द्वारा इस संबंध में ऑनलाइन आवेदन भी किया गया है, जिसकी पावती संबंधित विभाग द्वारा प्राप्त हो चुकी है। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों के रूप में आधार कार्ड एवं बी-1 खतौनी की प्रतिलिपि भी प्रस्तुत की गई है। वर्तमान में प्रशासन द्वारा खाद वितरण की अनुमति प्रदान नहीं की गई है, किन्तु राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा आवेदन प्राप्त होने की पावती किसान को उपलब्ध करा दी गई है। जगदीश यादव ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि फार्मर आईडी में सुधार की प्रक्रिया पूर्ण होने तक उन्हें विशेष अनुमति प्रदान कर खाद उपलब्ध कराई जाए, जिससे आगामी कृषि कार्य प्रभावित न हों। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में खाद वितरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं पारदर्शी बनाने के लिए फार्मर आईडी और ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है, किन्तु तकनीकी अथवा अभिलेखीय त्रुटियों के कारण कुछ किसानों को अस्थायी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को आशा है कि संबंधित विभाग शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान करेगा।

## जनसुनवाई में 280 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 280 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 18 आधार अपडेशन एवं 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम सौरभ गंधर्व, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जनसुनवाई में पहुंचे हिण्डोरिया निवासी दिव्यांग युवक नितिन साहू की समस्या का जिला प्रशासन द्वारा त्वरित निराकरण किया गया। नितिन साहू ने बताया कि उन्हें सेंट्रल स्तर का जाति प्रमाण पत्र बनवाना है तथा अगले दिन उनके दस्तावेजों का सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) निर्धारित है। सामान्य प्रक्रिया के अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनने में लगभग तीन दिन का समय लगता है, जिससे उन्हें चिंता थी कि समय पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। युवक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर उसी दिन जाति प्रमाण पत्र तैयार कर नितिन साहू को उपलब्ध करा दिया गया। समस्या के त्वरित समाधान पर नितिन साहू ने कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

**खास बातें**

### जिला अधिवक्ता संघ दमोह के निर्वाचन 2026-28 नाम निर्देशन पत्र फार्म हुये जारी

**दमोह।** जिला अधिवक्ता संघ दमोह के निर्वाचन 2026-28 का प्रोग्राम दिनांक 11.06. 2026 को निर्वाचन अधिकारी चरनजीत सिंह वाधवा के द्वारा जारी कर दिया गया था, उसी प्रोग्राम के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ दमोह की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया एवं नाम निर्देशन पत्रो वितरण प्रारंभ किया गया। उक्त संबंध में निर्वाचन अधिकारी चरनजीत सिंह वाधवा के द्वारा बताया गया कि आज जिला अधिवक्ता संघ दमोह की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है एवं नाम निर्देशन आवेदन फार्मो का वितरण प्रारंभ किया गया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु सुरेश खत्री, मुकेश पाण्डेय, एवं रविकांत ठाकुर तथा उपाध्यक्ष पद हेतु अनिल खरे, दीपा मिश्रा, सचिव पद हेतु बसंत खरे, कोषाध्यक्ष पद हेतु इंदु पौराणिक पुस्तकालय प्रभारी हेतु सुल्तान सिंह ठाकुर, व कार्यकारिणी (आरक्षित पद) हेतु संध्या खरे के द्वारा नाम निर्देश पत्र (फार्म) प्राप्त किये गये।

सन्देही आरोपियों की धड़पकड़ जारी, घटना का शीघ्र खुलासा होगा

# हिण्डोरिया में युवक की हत्या से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



स्थानीय जमादार तालाब के पास वार्ड नं. 07 मे किराये के मकान में रह रहे एक युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने की खबर से नगर मे सनसनी फैल गई। घटना की खबर सुनते ही मौके पर बडी.संख्या में आसपास के नागरिक एकत्रित हो गये। पुलिस ने सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुँच कर मकान एवं मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे मे लेकर एवं विधिवत मृतक के परिजनों को सूचित कर अपनी विवेचना एवं जांच को प्रारम्भ कर दिया। फिलहाल पुलिस विधिवत पंचनामा की कार्यवाही कर शव को दमोह मे पीएम हेतु रवाना कर दिया है। इसके पश्चात मृतक का शव उनके परिजनों को सौंप कर अंतिम संस्कार किया जायेगा।

इस बारे मे टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को दोपहर लगभग 12 बजे मृतक के बडे. भाई इरशाद खान पिता निसार खान वार्ड नं. 07 हिण्डोरिया से सूचना मिली थी कि मेरा छोटा भाई आमिर खान उर्फ बुच्ची अपने जमादार तालाब के पास वार्ड नं. 07 हिण्डोरिया स्थित किराये के मकान मे रहता था। जो उसी मकान मे खून से लथपथ मृत अवस्था में पडा. हुआ। पुलिस टीम सूचना पाकर तत्काल घटना स्थल पर दल-बल के साथ पहुंची। पुलिस ने पूरे मकान, परिसर, मोबाईल एवं शव को कब्जे मे लेकर घटना की विवेचना सूक्ष्मता से प्रारम्भ कर दी। घटना स्थल का दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी एवं एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी ने टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय एवं एफएसएल टीम के साथ पहुँच कर जायजा लिया गया। आस पास के सीसीटीवी केमरे एवं आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किये। एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने शीघ्र आवश्यक कार्यवाही के आदेश टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय को दिये। टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। श्री उपाध्याय ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया हत्या से जुड़ा लगता है। मृतक की कमर के नीचे दोनों जांघों पर किसी हथियार से वार करना प्रतीक हो रहा है। सच्चाई एफ एस एल टीम एवं पीएम रिपोर्ट से स्पष्ट हो जायेगी। टीआई श्री उपाध्याय ने बताया कि कुछ सन्देही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों की युध्द स्तर पर पूछताछ एवं धड़पकड़ जारी है। उन्होंने शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं बुधवार तक घटना के आरोपियों का खुलासा करने की बात कही है। पीएम के पश्चात सम्भवतः बुधवार को मृतक का अंतिम संस्कार होगा।

## सांसद के प्रयास रंग लाए, हजरत निजामुद्दीन–अंबिकापुर एक्सप्रेस अब सप्ताह में दो दिन चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी के सतत प्रयासों से क्षेत्र के रेल यात्रियों को बड़ी सौगात मिली है। रेल मंत्रालय ने 22407/22408 हजरत निजामुद्दीन–अंबिकापुर एक्सप्रेस की आवृत्ति बढ़ाते हुए इसे साप्ताहिक के स्थान पर अब सप्ताह में दो दिन (द्वि-साप्ताहिक) संचालित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से दमोह सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। सांसद राहुल सिंह लोधी ने बताया कि क्षेत्र के यात्रियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं नौकरीपेशा लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस मांग को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष प्रमुखता से उठाया था। लगातार पत्राचार और प्रयासों के बाद रेल मंत्रालय ने इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन दिल्ली और दमोह के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अत्यंत सुविधाजनक है। हजरत निजामुद्दीन से रात 11 बजे रवाना होने वाली यह ट्रेन अगले दिन सुबह लगभग 9:40 बजे दमोह पहुंचती है, जिससे यात्रियों का समय बचता है और यात्रा अधिक आरामदायक बनती है। अब तक दिल्ली जाने वाले अधिकांश यात्रियों को गोंडवाना एक्सप्रेस पर निर्भर रहना पड़ता था, जिसके लिए कई बार दोपहर से ही यात्रा की तैयारी करनी पड़ती थी। नई व्यवस्था से व्यापारियों, विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा नौकरीपेशा लोगों को बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

## दमोह पुलिस का बड़ा कॉम्बिंग अभियान, 65 वारंटियों पर कार्रवाई

**दमोह।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से दमोह पुलिस ने सोमवार रात विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में 22 जून की रात से 23 जून की सुबह तक जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सघन चेकिंग और कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने फरार वारंटियों, निगरानी एवं गुंडा बदमाशों, आदतन अपराधियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। पुलिस ने उनके निवास स्थलों एवं संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई।पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अभियान में 23 स्थायी वारंट और 42 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। इसके अलावा 64 गुंडा बदमाशों एवं 36 निगरानी बदमाशों की जांच की गई। पुलिस ने 29 आबकारी अधिनियम तथा 7 सट्टा अधिनियम के प्रकरण दर्ज किए। वहीं भरण-पोषण अधिनियम से संबंधित 2 स्थायी वारंट एवं 1 गिरफ्तारी वारंट भी तामील किया गया।इसके अतिरिक्त धारा 126(बी)/135(3) एवं 170 बीएनएसएस के तहत 5 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।दमोह पुलिस का कहना है कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए अपराधियों, वारंटियों और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ इस प्रकार के विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## बिना आदेश, बिना सरकारी अमले के गरीबों के आशियाने तोड़ने पहुंचा बुलडोजर



### लालटेक में अतिक्रमण विवाद पर भड़का जनाक्रोश, तीन घंटे तक सड़क पर डटे रहे बस्तीवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के शास्त्री वार्ड लालटेक स्थित गरीबों के घरों को हटाने जब मंगलवार की सुबह अचानक पोकलेन मशीन पहुंची तो सभी आश्चर्य में पड़ गये। इस पोकलेन मशीन के साथ न तो कोई सरकारी अमला था, न ही कोई सरकारी आदेश, मशीन को देखकर आसपास के सभी लोग एकजुट हो गये और आक्रोशित महिलाएं हाथों में लाठी लेकर मशीन के पास पहुंची तो चालक ने बताया कि हटा विधायक के आदेश पर यहां के मकान गिराये जा रहे है। अतिक्रमण कार्रवाई की जानकारी मिलते ही महिलाओं व लालटेक वासियों ने केन्द्रीय स्कूल के पास चक्काजाम लगा दिया। हटा रजपुरा मार्ग पर लगे जाम की जानकारी मिलते ही पुलिस एवं राजस्व अमला मौके पर पहुंचा, तहसीलदार आलोक जैन ने बताया की किसी भी प्रकार के कोई अतिक्रमण हटाने के आदेश नहीं है, यदि कोई आदेश होता तो मैं स्वयं वहां उपस्थित रहता। इसी बात को लेकर जाम लगा रहे लोगों ने पोकलेन मशीन को जप्त करने की मांग की। वृद्ध महिला प्रेमरति आदिवासी ने बताया कि पास ही में विधायक के परिजनों की जमीन है जहां वह कालोनी बनाना चाह रहे है, इसी को लेकर वह अतिक्रमण को हटाना चाह रही है। श्याम रानी कुशवाहा ने बताया कि विधायक के परिजन की कुछ जमीन है पास ही में सरकारी जमीन है अब उनकी नजर इस सरकारी जमीन पर है हम लोगों ने उन्हे विधायक बनाया वही अब हमारे घर उजाड़ रही है। सोनकली ने बताया की हमारे पड़ोस में दो दिन पहले ही एक शिशु का जन्म हुआ आज उसके सिर से छत हटाने मशीन आ गई, अब जब बारिश का मौसम शुरू हो गया तो ऐसे में हम कहां शरण पायेगें। मौके पर पहुंचे थाना टीआई सुधीर बेगी ने तीखे तेवर दिखते हुए कहा कि बगैर सूचना के चक्का जाम करना अपराध है लोग जाम में फसे है यदि कोई घटना होती तो सब जेल जायेगें । मौके पर सभी ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि क्या गरीबों के साथ इसी प्रकार का अन्याय होता रहेगा। जनप्रतिनिधि अपनी रोटी में घी लगाने के चक्कर में गरीबों की रूखी सूखी रोटी छीन रहे है। हम कहां न्याय की उम्मीद लगायें।

तहसीलदार आलोक जैन ने बताया की निजी व्यक्तियों के द्वारा अतिक्रमण हटा जा रहा था। जिसे रोका गया है। मौके पर पोकलेन मशीन को जप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। यह शासकीय भूमि है, 2005 में आई बाढ के बाद लोग यहां आकर बस गये कल ही धारा 248 के तहत कार्यवाही प्रारंभ हुई है। रेस्ट हाऊस के लिए जमीन आबंटित की गई है। तीन घण्टे चले चक्का जाम को समझाइश के बाद जाम खोला गया।

### केंद्रीय राज्यमंत्री कार्यक्रम में होंगे शामिल

**दमोह।** केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गादास उइके 24 जून को प्रातः 11.30 बजे सिंग्रामपुर आयेगे। आप यहां वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर शाम 4 बजे यहां से जबलपुर रवाना होगे।

### अवैध उत्खनन के विरूद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें- कलेक्टर

**दमोह।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन की निरंतर शिकायते प्राप्त हो रही है। मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में संपन्न जिलो की समीक्षा बैठक में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। म.प्र. खनिज नियम 2022 के अंतर्गत अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिये अनुविभागीय अधिकारी / तहसीलदार/ नायब तहसीलदार को भी सशक्त किया गया है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधितो को निर्देशित किया कि खनिज विभाग में अमले की कमी को दृष्टिगत रखते हुये अपने-अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत अवैध उत्खनन, खनिजो का परिवहन तथा भण्डारण की सूचना मिलने पर त्वरित जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये संबंधित कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

## हाट बाजार के दिन हाथठेला का किराया मांगने पर फल विक्रेता ने नवयुवक को मारी चाकू, अस्पताल में हुई मौत

### गुस्साएं परिजनों एवं अहिरवार समाज के लोगों ने दमोह जबलपुर मार्ग को किया जाम, की जमकर नारेबाजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में रात्रि 8.20 बजे एक नवयुवक को सीने में चाकू मार दिया जिससे उसकी कुछ ही देर असपताल पहुचंते ही मौत हो गई। गुस्साएं परिजनों ने मुख्य सडक दमोह जबलपुर मार्ग पर 9 बजे से जाम लगा दिया समाचार लिख दिए जाने तक जाम लगा हुआ था। इसके अलावा लोगों ने बाहर से आएं फल विक्रेताओं के फल एवं हाथ ठेला सडक पर पलटा दिए। घटना को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सैकडो की संख्या में अहिरवार समाज के महिला पुरूष अस्पताल एवं मुख्य सडक मार्ग पर आकर बैठ गए। अतुल पिता वीरनलाल अहिरवार 25 निवासी वार्ड क्रमांक 5 जिसने मंगलवार को हाट बाजार में अपना हाथठेला किराए पर फल बेचने के लिए दमोह के फल विक्रेता को दिया था। रात्रि में जब अतुल हाथठेला का किराया लेने मुख्य सडक मार्ग पर पहुंचा तो फल विक्रेता से किराए को लेकर बहस होने लगी। फल विक्रेता ने 50 रूपए किराया फेंककर दिया और हाथ लिए चाकू को अतुल के सीने में मार दी। चाकू सीने के बाएं साइड लगी जिससे अतुल का खून गिरने लगा और जमीन पर गिर पडा फल विक्रेता अपनी फल की दुकान को छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोग अतुल को नगर की अस्पताल लेकर आएं जहां डांक्टर ने अतुल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मौके पर आकर कई फल विक्रेताओं को पूछताछ के लिए पुलिस थाना ले गई। हमला करने वाला व्यक्ति की जानकारी पुलिस जुटा रही हैं। बताया जा रहा हैं कि दो लोग फल बेच रहे थे उन्हीं से अतुल का वाद विवाद हुआ था। हमलवार दमोह के बताएं जा रहे हैं। अस्पताल में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हैं बताया गया कि अतुल की दो माह पहले ही शादी हुई थी। मौके पर एसडीएम सीजी गोस्वामी, एसडीओ पी अर्चना अहीर, नगर निरीक्षक रावेंद्र बागरी के अलावा पुलिस थाना बल का मौके पर मौजूद हैं साथ ही पांच थानों का बल बुलाया गया हैं। समाचार खिले जाने तक जाम लगा हुआ था।



## सिंग्रामपुर-भजिया मार्ग पर भीषण सड़क हादसा



**जबेरा।** सिंग्रामुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सिंग्रामपुर-भजिया मार्ग पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दोनों बाइक सवार विपरीत दिशाओं से आ रहे थे और तीसरे वाहन को क्रॉस करने के दौरान अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए। हादसे में सागर जिले के बलेया निवासी लक्ष्मण धनगर, जो ग्राम भजिया में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, सहित तीन लोग घायल हुए हैं। वहीं दूसरी बाइक पर सवार युवक अपनी दादी को सगोड़ी छोड़कर वापस देवतरा लौट रहा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चालक दौलत रैकवार और ईएमटी सुनील रैकवार ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सौरभ यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया, जबकि एक घायल का उपचार जबेरा में जारी है।

## डेटा एनालिसिस से खुली पेट्रोल पंपों की गड़बड़ी 20 टीमों ने एक साथ की जांच- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर जिले के पेट्रोल पंपों की बिक्री का डेटा एनालिसिस किया गया, जिसमें 20 ऐसे पेट्रोल पंप चिन्हित किए गए जिनकी बिक्री में असामान्य रूप से वृद्धि दर्ज की गई थी। इस पर संदेह होने के बाद कलेक्टर ने एक साथ 20 टीमों का गठन कर संबंधित पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कराया। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि निरीक्षण के दौरान कुछ पेट्रोल पंपों पर स्टॉक और बिक्री के आंकड़ों में गंभीर विसंगतियां पाई गईं। एक पेट्रोल पंप पर लगभग 4000 लीटर डीजल अतिरिक्त मात्रा में पाया गया, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया है। इस अतिरिक्त स्टॉक को बिक्री में प्रदर्शित नहीं किया गया था, जिससे हेराफेरी या अन्य अनुचित उपयोग की आशंका बनी। प्रशासन द्वारा जब्त डीजल को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है, उन्होंने कहा कई अन्य पेट्रोल पंपों पर भी स्टॉक में अंतर पाया गया है। ऐसे मामलों की जानकारी संबंधित तेल कंपनियों को भेजी जा रही है ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर श्री यादव ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों से शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष छूट प्रदान की गई है, जिसके तहत अब किसान प्रतिदिन 200 लीटर तक डीजल केन में प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था कृषि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसे सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है, उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन पेट्रोल पंपों की बिक्री में असामान्य वृद्धि दर्ज हुई थी, उन्हें ही जांच के लिए चिन्हित किया गया था। जांच के दौरान सामने आई अनियमितताओं पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी ऐसी निगरानी लगातार जारी रहेगी।

# जबेरा की बेटी बनी फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर



### एमपीपीएससी 2025 में स्वाति जैन का चयन, ग्राम में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विगत दिवस घोषित मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी 2025 के परीक्षा परिणाम में जबेरा ग्राम निवासी स्वाति जैन ने ₹फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर₹ के प्रतिष्ठित पद पर चयनित होकर पूरे ग्राम व समाज का नाम रोशन किया है।

**साधारण परिवार से असाधारण सफलता**

स्वाति जैन के पिता लालचंद जैन जबेरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ रहे हैं। उनकी माता एक अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति की गृहणी हैं, जिनके संस्कारों और आशीर्वाद ने स्वाति को हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

**परिवार में शिक्षा का माहौल**

स्वाति का एक भाई लंदन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत है, जबकि उनकी एक बहन भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटी है। पिता की सरकारी सेवा और माता के धार्मिक संस्कारों के बीच पली-बढ़ी स्वाति ने शुरू से ही अनुशासन और मेहनत को अपना मूलमंत्र बनाया। स्वाति के चयन की खबर मिलते ही जबेरा ग्राम सहित सम्पूर्ण जैन समाज में हर्ष और गर्व का माहौल है। जबेरा विकास मंच के चेयरमैन राजेश जैन एवं जैन समाज के पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटी स्वाति ने ग्राम व समाज का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह सफलता समाज की हर बेटी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के सामने ली गई स्वाति की तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। स्वाति जैन अब जल्द ही फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा करेंगी। जबेरा ग्रामवासियों, जबेरा विकास मंच एवं जैन समाज ने स्वाति जैन व उनके परिवार को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## बीआरसी के बेटे का खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर हुआ चयन



**हटा।** नगर के गांधी वार्ड निवासी हटा बीआरसी एमएल अहिरवार के पुत्र अनुज कुमार अहिरवार का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। अनुज ने प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया है। अनुज का कहना है कि उनकी इस सफलता में माता-पिता, परिवारजन, गुरुजन व मित्रों का विशेष योगदान रहा है। अनुज ने डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा बिहार से स्नातक किया है। अनुज की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और उनके मित्रों परिजनों और रिश्तेदारों ने बधाई शुभकामनाएं दी।

## ग्राम डिगसर के दीपक पटेल बने कृषि विस्तार अधिकारी

**सिंग्रामपुर/बनवार।** विकासखंड जबेरा के अंतर्गत वनवार क्षेत्र में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ ग्राम डिगसर निवासी दीपक पटेल का लोकसेवा चयन परीक्षा में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके चयन की खबर मिलते ही किसानों, जनप्रतिनिधियों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दीपक पटेल अपनी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए क्षेत्र में जाने जाते हैं। कृषि विस्तार अधिकारी के रूप में उन्होंने किसानों को उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया है। उनके सरल व्यवहार और किसानों के प्रति समर्पित कार्यशैली के कारण क्षेत्र में उनकी विशेष पहचान बनी हुई है।



लोकसेवा चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर दीपक पटेल ने यह साबित किया है कि निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर वनवार एवं आसपास के गांवों के किसानों ने कहा कि दीपक पटेल हमेशा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। उनकी सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। किसानों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी अपने कार्यों से क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करते रहेंगे। दीपक पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, परिवारजनों तथा शुभचिंतकों को दिया और कहा कि उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी।

## 1 जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदलेगा, सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा संचालन

**दमोह।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन समय 1 जुलाई 2026 से पूर्ववत कर दिया गया है। अब आंगनवाड़ी केंद्र सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पूर्व में आंगनवाड़ी केंद्रों का समय सुबह 08 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित किया गया था। ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद 1 जुलाई 2026 से केंद्रों का संचालन पुनः निर्धारित समयानुसार किया जाएगा। नई समय-सारिणी के अनुसार केंद्रों में बच्चों के स्वागत, स्वच्छता अवलोकन, सामूहिक गतिविधियां, नाश्ता, खेलकूद, भाषा एवं साक्षरता आधारित गतिविधियां, रचनात्मक कार्य, बाह्य खेल गतिविधियां, भोजन वितरण तथा थर्ड मील जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके साथ ही दिन के अंतिम चरण में रिकॉर्ड संधारण का कार्य भी किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा एवं पोषण सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध हो सकें।